तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 जनवरी 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 रामलला प्राण प्रतिष्ठा में भानुप्रतापपुर नगर हुआ ...



14 गौमाता में सभी देवताओं का वास, कामधेनु मानकर ...



## आस्था : घर-घर में दीप का हुआ प्रज्ज्वलन, पूरा शहर भगवा ध्वज से सजा

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होते ही श्रद्धालुओं का छलका उत्साह, कांकेर जय श्रीराम के घोष से हुआ गुंजायमान









हरिभूमि न्यूजज हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांकेर शहर भी राम मय हो गया है। दीपावली की तरह शहर के मुख्य मार्गों व भवनों पर लाइटों से सजावट की गई। कांकेर सहित जिले भर में जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिर हो या गली मोहल्ला, हर जगह जय श्रीराम के जयकारे गूजें। कईं जगहों पर झाकियां सजाई गई, तो कहीं पर श्रीराम जी की आरती उतारी। भक्त लोग भगवान राम के जयकारे लगाते हुए हाथों में पताका लहरा रहे थे। मंदिरों में हवन, पूजन व सुन्दरकांड के पाठ हुए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद जगह जगह भंडारा भी हुआ। यह नजारा देख यही लग रहा था कि यह राम दिवाली अब हर साल 22 जनवरी को मनेगी।

### खास बातें

- शहर के सभी वार्डों में प्राण प्रतिष्ठा होते ही जमकर हुई आतिशबाजी
- प्राण प्रतिष्ठा के पहले हुआ हवन, रामलला के सामने जनप्रतिनिधि हुए नतमस्तक
- कांकेर शहर व ग्रामीण इलाकों में घरों के बाहर जयश्री राम, मेरे राम की सजी रंगोली

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के पहले पहले सुबह 9 बजे से कांकेर जिलाभर के मंदिरो में सुंदरकांड, मंडिलयो के द्वारा रामायण पाठ शुरू कर दिया गया था। पंचमुखी मंदिर में एकल विद्यालय की छात्राओं के द्वारा बहुत ही मनमोहक सुंदरपाठ किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के समय जगह जगह जमकर आतिशबाजी हुई। शहर के सर्व हिंदू समाज के द्वारा पुराना बस स्टैंड से लेकर पुराना कचहरी तक लड़ी बिछाकर आतिशबाजी हुई और यह नाजारा देखने के लिए भीड़ जुट गई थी। सुबह से ही कांकेर का माहौल भक्तिमय रहा, यह



माहौल दिनभर बना रहा। सुबह से ही मंदिरों में भीड़ जुटने लगी थी और अंधेरा होते ही मंदिरों के अलावा घरों में लोग दीवाली की तरह दिए जलाकर घरों को सजाया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने जयश्री राम, मेरे राम के नाम की रंगोली बनाई। कांकेर शहर पूरी तरह से भगवा के रंग में डूबा रहा। शहर को पीले रंग की झालर लाइट से भी सजाया गया था। शहर के मंदिरों को लाइटिंग के माध्यम से सजाया गया था, जिसने सभी के मन को मोह लिया। श्रद्वालु घंटों मंदिर में इस नजारे को देखते हुए नजर आएं।

### मानस मंडलियों की संगीतमय प्रस्तुति से राममय हुआ वातावरण





रामोत्सव कार्यक्रम में जिले की पांच मानस मंडलियों ने एक-एक करके रामभक्ति के साथ संगीतमय प्रस्तुतियां दीं। मानस मंडलियों की भगवान श्र राम की भक्ति पूर्ण प्रस्तुति से पूरा वातावरण राममय हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंडलियों द्वारा प्रस्तुत मानस गान का श्रवण किया। कार्यक्रम में धरती वंदन मानस परिवार कोटेला, ज्योति मानस मंडली किशनपुरी, आदर्श सम्पूर्ण महिला मानस मंडली श्रीरामनगर कांकेर, सुन्दरम मानस मंडली शिवनगर कांकेर और नव प्रभात मानस मंडली डुमाली द्वारा प्रस्तुति दी गई। जिला प्रशासन द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा समारोह और इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी, जिसके माध्यम से नागरिकों ने सीधा प्रसारण देखा।

### हवन में शामिल हुए जनप्रतिनिधिगण

जिला स्तर पर श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव का आयोजन शहर के राजापारा में स्थित प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में संपन्न हुआ। देवभूमि राजापारा के हनुमान मंदिर के सामने, श्रीराम जानकी मंदिर के सामने एवं ग्रामीण क्षेत्र में मंदिरों में हवन किया गया। श्रीराम जानकारी मंदिर में हवन में विधायक आशाराम नेताम और अन्य कार्यक्रम में सांसद मोहन मंडावी के साथ भाजपा के पदाधिकारी व श्रद्धालुगण भी शामिल हुए।



### पहली झलक ने सभी का मनमोह लिया

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हाथों से पूरे विधान के साथ भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की, जिसके बाद श्रद्धालुओं को बरसों पुराना इंतजार खत्म हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के भगवान की पहली झलक जब सामने आई तो उसने सबका मन मोह लिया। रामलला के सिर पर स्वर्ण मुकुट, कानों में कुंडल, गले में सोने में कुंदन जड़ित मालाएं और हाथों में सोने का धनुष और बाण दिखाई दिया, इस मनमोहिनी मूरत को देख हर कोई भाव विभोर हो गया। पीएम मोदी ने मंगलगान के साथ पूरे मंत्रोच्चारण करते हुए पूरे विधि विधान में रामलला को गर्भग्रह में स्थापित किया। पूरे मंदिर परिसर में मंगल गान की धुन ने सभी अतिथियों को राम की भक्ति में डूबो दिया। राम मंदिर परिसर भगवामय हो गया। रामधुन में सभी मेहमान झूमते, नाचते गाते दिखे।

### शहर व गाँव में जगह जगह हुआ भंडारा



प्राण प्रतिष्ठा के बाद कांकेर शहर में राजापारा, पंचमुखी मंदिर, सरंगपाल मंदिर, झूलेलाल मंदिर, शिव नगर, भंडारीपारा, रामनगर, कोठारी पेट्रोल पंप के पास, सिंगारभाट हनुमान मंदिर के पास, दूध नदी पुल के पास और अन्य स्थानों पर भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारे में लोग बड़े ही चाव के साथ प्रसाद को ग्रहण किया। सभी समुदाय के लोग स्वमेव अपने अपने स्तर पर भंडारे का आयोजन किया।

### खबर संक्षेप



#### वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन

**कांकेर।** शांति कॉलेज ऑफ आईटी छत्तीसगढ़ में 22 जनवरी को वार्षिक स्नेह सम्मेलन समारोह का आयोजन अजय मंडावी के मुख्य आतिथ्य, पूर्व पार्षद व समाज सेवी पप्पू अजय मोटवानी और पार्षद विजयलक्ष्मी कौशिक के विशेष आतिथ्य और संस्था की संचालिका पूजा पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। वार्षिक स्नेह सम्मेलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राम की पूजा अर्चना और रैली के साथ हुआ। वार्षिक स्नेह सम्मेलन समारोह में संस्थान के बच्चों का कुर्सी दौड़, रंगोली और भजन प्रतियोगिता भी रखी गई, जिसमें विद्यार्थीगण बहुत ही उत्साहवर्धन तरीके से प्रतियोगिता में भाग लिया।

#### सुंदरकांड पाठ कर व अक्षत कलश यात्रा निकाल



**कांकेर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम ठेलकबोड बड़ेपारा में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुंदर कांड का पाठ, अक्षत कलश यात्रा और प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय महिला मण्डल के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में योगिता ठाकुर, अनिता सिन्हा, रामेश्वरी जैन, रूखमणी, भगवती, तामेश्वरी, शिखा, ललिता, माहेश्वरी कुमारी, यादव रागनी, मनोज साहू, अशोक मटियार, संजय मटियारा सहित समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

## भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के साथ हुआ हवन

- इलाके में जगह- जगह हुए विविध आयोजन



**चारामा।** अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा हैं, जिसे लेकर नगर का साज सज्जा किया गया। नगर के मुख्य मार्गों में स्वागत गेट लगाया गया। भगवा रंग से चारों ओर सजाया गया हैं। जगह-जगह भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना के साथ हवन कराया गया, जिसके बाद भंडारा रखा गया। नगर के नाकापारा, सरारापारा व राष्ट्रीय राजमार्ग के पास के वार्ड मे पूजा अर्चना एहवन कराकर भंडारा कराया गया। वही नगर के डबरीपारा में श्रीश्री ओमकार समिति के द्वारा 5 साल पहले बने मंदिर का निर्माण के बाद महादेव की प्रतिमा स्थापित की गई। मंदिर का नामकरण नहीं किया गया था। पूजा हवन करने आए महराज विकास दत्त दुबे ने कहा कि भगवान अनादी है। आयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है। दिव्य रूप विराजमान हो रहे हैं, जो महादेव यहां विराजमान है। महादेव को राम प्रिय है, राम को महादेव प्रिय है। दोनों एक दुसरे से जुड़े हुए हैं इसलिये रामेश्वर महादेव मंदिर का नाम रखा गया हैं। डबरी पारा मे समिति के द्वारा सुबह रैली निकाली गई। भगवान राम की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शाम 6 से 8 बजे तक भंडारा कराया गया, जिसके बाद वार्डवासियो द्वारा 1 हजार दीप का दान किया गया। जिसे महादेव के मंदिर में चारों ओर से 1 हजार दीप प्रज्ज्लवित किया गया।

## डॉ.अब्दुल कलाम शिक्षा गौरव अवार्ड से सम्मानित हुआ शिक्षक



चारामा। क्रांतिवीर गैंदसिंह शहादत दिवस पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वाधान में आयोजित प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन गोंडवाना भवन धमतरी में धर्मेन्द्र कुमार साहू शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय रतेसरा विकासखण्ड चारामा को डॉ.अब्दुल कलाम शिक्षा गौरव अवार्ड के उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके शैक्षिक उपलब्धि, समाज सेवा, प्रकृति संरक्षण के प्रति समर्पण भाव और गौसेवा सेवाप्रकल्पो में सक्रिय भागीदारी के लिए दिया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू, युवाशक्ति समाज सेवी संस्था अध्यक्ष उत्तम साहू, संरक्षक विजय राय, देवेन्द्र सिन्हा, अजय जगवानी, टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष बोधन साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, गौरीशंकर साहू उपस्थित रहे।

## लेंडारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- ग्रामीणों को दिलाई गई शपथ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम लेंडारा में शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आधार पंजीयन एवं अपडेशन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया।

आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागिता निभाने की शपथ दिलाई। उन्होंने इस दौरान स्टाल में प्रदर्शित उत्पादों और सामग्रियों की भी जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों को सभी योजनाओं की पूरी जानकारी देते हुए उनके लाभ के बारे में बताएं और अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा धरती कहे पुकार के की प्रस्तुति देते हुए उपस्थित ग्रामीणजनों को बताया गया कि खेतों में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से प्रकृति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। खेतों की उर्वरा शक्ति लगातार क्षीण हो रही है और धरती बंजर होती जा रही है। उनके द्वारा धरती को बंजर होने से रोकने के लिए सभी प्राकृतिक खेती को अपनाने और ▸▸| शेष पेज 12 पर

### राकेट व सेटेलाइट का डेमो दिखाकर बच्चों की जिज्ञासाओं को किया शांत

## इसरो ने बच्चों को अंतरिक्ष ज्ञान की जानकारी देकर बढ़ाई अभिरूचि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- जिला स्तरीय अंतरिक्ष ज्ञान अभियान प्रारंभ

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत विकासखण्ड स्तर पर विद्यालय को केन्द्र बनाते हुए जिला स्तरीय अंतरिक्ष ज्ञान अभियान कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें इंडियन स्पेश रिर्सच सेंटर इसरो द्वारा निर्मित अब तक के सभी एसएलवी, एएसएलवी, पीएसएलवी, जीएसएलवी एवं एलवीएम 3 रॉकेट, मंगलयान सेटेलाइट के डेमो मॉडल के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया। साथ ही रॉकेट कब कौन से रॉकेट का उपयोग किया जाना है तथा प्रत्येक रॉकेट के निकनेम को भी अंतरिक्ष ज्ञान अभियान टीम के आकर्षक मॉडल के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया गया। जिले के प्रत्येक विकासखंड में विद्यालय को केन्द्र बनाते हुए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम संचालित किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों ने मॉडल के आधार पर सैटेलाईट के संबंध में, रॉकेट के नीचे जो धुंआ होता है, उसके संबंध में साथ ही अंतरिक्ष की गतिविधियों को रोचक तरीके से विद्यार्थियों को समझाया गया। शास उमाविद्यालय घनेलीकन्हार से प्रांरभ करते हुए शास उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम कोयलीबेड़ा में समापन किया गया। जिसमें जिले के 6वीं से कक्षा 12वीं तक के कुल 9011 विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष ज्ञान अभियान कार्यक्रम से लाभान्वित हुए है। विद्यार्थियों द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में अधिक रूचि दिखाई दी। साथ विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा अंतरिक्ष से संबंधित गतिविधियों के प्रश्न पूछे। जिले में इस तरह का पहली बार कार्यक्रम होने से छात्रों को अंतरिक्ष और इसरों के बारे में जानकारी मिलने से उनमें रूचि बढ़ी और यह जानने का मौका मिला कि राकेट और सेटेलाइट किस तरह से काम करते है।




आयोजित कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, समग्र शिक्षा के प्रभारी व जिला नोडल अधिकारी दिनेश नाग, जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा के सहायक वैभव मेश्राम, समग्र शिक्षा के कार्यक्रम समन्वयक नवनीत पटेल के प्रयास से ही यह कार्यक्रम संभव हो सका।

हरिभूमि पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969







**अयोध्या :** लोगों ने दिवाली की तरह मनाया पर्व, हजारों दीप जलाकर लिखा गया श्रीराम जी का नाम

# श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर हवन पूजन के साथ मानसपाठ, शोभायात्रा और बाइक रैली की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर फरसगांव क्षेत्र के लोगो काफी जोश देखने को मिला, क्षेत्र के गांव और फरसगांव नगर भक्ति और भगवामय रामभक्तो हिन्दुजनों ने दिवाली पर्व की तरह आतिशबाजी कर बड़े हि उत्साह उमंग के साथ महोत्सव को मनाया गया। क्षेत्र के फरसगांव, बोरगांव, जुगानी, बड़ेडोंगर में दिन भर भक्तिमय माहौल रहा। हवन पूजन, रामायण पाठ, मानसगान, कलश यात्रा,शोभायात्रा , बाइक रैली जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजन कर महोत्सव को मनाया गया।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर फरसगांव नगर में जगह-जगह आयोजन किया गया। सुबह से नगर के बड़ेडोंगर चौक स्तिथ हनुमान मंदिर मे रंगोली सजावट,हवन पूजन, महाआरती, संगीतमय रामायण , भंडारा , सभी मंदिरो मे दीप प्रज्जवलन के बाद शाम को भव्य शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसे पूरे नगर मे भ्रमण करवाया गया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी किया गया । नगर को दिवाली की तरह सजाया गया है ।

लोगो ने दीवाली की तरह इस महोत्स्व को मनाया, पुरा नगर राममय और भगवामय हो उठा , रामभक्तो ने भगवा और पीले वस्त्र धारण किये हुए अपने हाथो मे भगवा झंडा लेकर नाचते गाते जय श्रीराम के जयकारो लगाते हुए रैली मे शामिल हुए । पुरा नगर राम नाम जयकारों से गुज उठा, सभी के जुबानो मे बस जय श्रीराम के बोल निकले लगे । जिसके बाद बस स्टेण्ड मे हजारों दिये जलाकर श्रीराम का नाम लिखा गया। साथ हि सभी मंदिरो मे भी दीप प्रजवलित किया गया। लोगो ने अपने अपने घरो मे दीप जलाकर आतिशबाजी करते हुए दिवाली पर्व की तरह रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को मनाया जा रहा है ।

## पर्यटन केंद्र में श्री आयोध्या समारोह का सीधा प्रसारण



**कोण्डागांव/ केशकाल।** अयोध्या में आयोजित रामलला प्राण प्रतिष्ठा–रामोत्सव का सीधा प्रसारण सोमवार को कोण्डागांव जिले के प्रसिद्ध टाटामारी ईको पर्यटन केंद्र में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर अयोध्या में आयोजित रामलला प्राण प्रतिष्ठा–रामोत्सव का सीधा प्रसारण डीएफओ एन गुरुनाथन, एसडीओ सुषमा नेताम, स्थानीय ईको पर्यटन समूह, स्थानीय बिहान समूह की दीदियों सहित गणमान्य नागरिक एवं अधिकारियों ने देखा। जहां सभी ने प्रसाद ग्रहण कर भक्ति भाव से राम की प्राण प्रतिष्ठा का आनन्द लिया।

## श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर नगर में भक्ति का छलका उत्साह





**कोण्डागांव।** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान पूरा जिला भक्ति और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। चाहे शहर हो या गांव सभी तरफ उत्साह दिखाई दिया। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने के लिए लोगों ने शहर और गांवों को सजाने–संवारने के साथ दिये जला कर रोशनी भी की । मंदिरों की साफ सफाई और भजन कीर्तन मानस गान से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ ही सुबह से ही शोभायात्राएं निकाली गईं। जगह जगह मानस गायन के आयोजन के साथ कहीं भोग और भंडारे तो कहीं श्री राम भक्तों द्वारा रैलियां निकाली गई। हर भवनों में लाइटिंग के साथ दीपोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विकासनगर स्टेडियम को 11000 दीपों से सजाया गया– इस अवसर पर कोण्डागांव के विकासनगर स्टेडियम में स्थानीय लोगों द्वारा रामोत्सव को भव्य बनाने के लिए 21 जनवरी की शाम को 11000 दीपों से ग्राउंड को सजाया। जिसमें लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। लोगों ने श्री राम के जयकारे के साथ सभी के मंगल की कामना की। 22 जनवरी को बांधा तालाब में भी 10000 दीपों से सजा कर दीपोत्सव का आयोजन किया पूरा कोण्डागांव मानो दीवाली मना रहा हो हर तरफ केवल उत्साह ही उत्साह दिखाई दे रही है।

जिला प्रशासन द्वारा मानस गान का कराया गया आयोजन– इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा मानस गायन का भी आयोजन किया गया। जहां जिला स्तरीय कार्यक्रम बांधा तालाब स्थित शिव मंदिर में आयोजित किया गया। वहीं विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रमों में कोण्डागांव विकासखण्ड के कार्यक्रम बनियागांव स्थित दुर्गा मंदिर, फरसगांव विकासखण्ड के कार्यक्रम बड़ेडोंगर स्थित शिव मंदिर, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के कार्यक्रम शिव मंदिर विश्रामपुरी, माकड़ी विकासखण्ड के कार्यक्रम राम कुटीर, केशकाल विकासखण्ड के कार्यक्रम सुरडोंगर स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया।

जहां जनप्रतिनिधियों एवं आम जनों ने श्रद्धापूर्वक भक्ति भाव से मानस गायन का आनंद लिया। सभी गांवों में मंजीरे और ढोलक की थाप पर सभी ने नाचते गाते हुए मानस गायन का आयोजन किया गया है।

## अयोध्या में रामलला मंदिर का सपना साकार, हमारी आस्था की जीत : लता



**कोण्डागांव।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर कोंडागांव स्थित बंधातालाब शिव मंदिर के निकट जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अयोध्या में आयोजित रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधायक सुश्री उसेंडी ने इस अवसर पर लोगों को रामलला प्राण प्रतिष्ठा के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह बहुत ही भावुक करने वाला क्षण है। रामलला के मंदिर निर्माण का जो सपना हमारे पूर्वजों ने सदियों से देखा था, हमने इसे साकार होते हुए साक्षात देखा। यह हम सभी के लिए सौभाग्य का क्षण है। यह गौरव का क्षण अत्यंत त्याग, तपस्या के उपरांत प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण में कोंडागांव वासियों का भी योगदान है। भगवान राम को टेंट में देखकर यहां की जनता अत्यंत भावुक थी और जब राम मंदिर निर्माण के लिए जनसहयोग मांगा गया, तब यहां की जनता ने भाव विभोर होकर सहयोग किया। उसेंडी ने इस क्षण को रामराज्य स्थापना का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि रामलला के दर्शन को यहां की जनता में भी उत्साह है, इसलिए छत्तीसगढ शासन ने रामलला दर्शन की योजना प्रारंभ की है तथा निश्चित तौर पर लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष सतीश सोनी सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बडी संख्या में नागरीकगण उपस्थित रहे।

## विकास नगर स्टेडियम हजारों दीपक से जगमगाया





**कोण्डागांव।** कोण्डागांव विकास नगर स्टेडियम में भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर 11000 हजार दियों को प्रज्वलित किया गया। दियों की रोशनी से नहा उठा पूरा स्टेडियम। स्टेडियम में पहली बार जलाये गये इतने दिये।

## बड़े भाई की हाथ बांधकर की हत्या, छोटा 24 घंटे में गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निमितेष सिंह के नेतृत्व में अनंतपुर पुलिस के द्वारा घटना स्थल ग्राम कुलझर जाकर के अपने की बडे भाई के हत्या के आरोपी बाबुलाल मण्डावी पिता दल्लुराम मण्डावी उम्र 28 वर्ष ग्राम कुलझर को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक नग मोटा लकड़ी के डण्डा को भी बरामद किया गया। रविवार 21 तारीख को प्रार्थी पीलाराम बघेल पिता लक्ष्मण बघेल उम्र 29 वर्ष साकिन कुलझर पुलिस थाना अनंतपुर के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि लखपति मण्डावी व बाबुलाल मण्डावी दोनों सगे भाई है। लखपति मण्डावी रोज शराब पीने का आदी था। शराब पीकर के वह रोज अपने घर में भाई बाबुलाल से लड़ाई झगड़ा करता था। रविवार 21 जनवरी के रात करीबन 8 बजे से 09 बजे के बीच लखपति मण्डावी शराब पीकर के घर में अपने भाई बाबूलाल से मारपीट कर रहा था।

## पुलिस ने सल्हेभाट में किया सिविक एक्शन प्रोग्राम



**कोण्डागांव/केशकाल।** पुलिस और आम जनो के बीच मित्रता एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण स्थापित किये जाने के लिए केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साल्हेभाट में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भा.पु.से. के नेतृत्व में अति. पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भूपत सिंह की मौजूदगी में एक दिवसीय सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खेल प्रतियोगिता एवं सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


कबड्डी, फुटबॉल, व्हालीबाल तथा रस्साकशी, मटका फोड़ का हुआ आयोजन – इस अवसर पर सर्वप्रथम ग्रामीण युवाओं के मध्य कबड्डी, फुटबॉल, व्हालीबाल तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए रस्साकशी, मटका फोड आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला–पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

एसपी ने समझाया शिक्षा का महत्व – पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ग्रामीण युवाओं को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। जरूरतमंद ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की दैनिक उपयोगी सामग्रियों का भी वितरण किया गया। जिसके लिए समस्त ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कोंडागांव पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में केशकाल थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय,पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी शिव प्रसाद ठाकुर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य ग्रामीण एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित

## शिक्षक राजेंद्र ने दुपट्टे पर किया संपूर्ण रामायण का चित्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जहां पूरा देश 22 जनवरी को दीपावली उत्सव मना रहा है । वहीं छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के एक शिक्षक राजेंद्र राव ने 5 बाई 3 के दुपट्टे पर पूरा रामायण का चित्रण कर दिया है। वे बताते है कि इसलिए कर दिया क्योंकि आज की पीढी के पास रामायण गीता महाभारत पढने के लिए वक्त नहीं है । शायद इस चित्र को देखकर उनमें रामायण पढने की लालसा जागे और पढाई के साथ संस्कारी ज्ञान भी उन्हें मिल पाएगा । राजेंद्र राव पेशे से शिक्षक हैं और प्रभु श्री राम के भक्त भी । उन्होंने बताया इस दुपट्टे पर उन्होंने श्रीराम प्रभु के बाल काल से लेकर रावण वध तक का चित्रण किया हुआ है । इसके लिए उन्हें एक सप्ताह का वक्त लगता है। लोग इसे देखने घर आते हैं, और मुझे ऑर्डर देकर चले जाते हैं । मैं प्रभु श्रीराम का भक्त हूं । मेरा मानना है कि आज की पीढी को रामायण जानना सुनना और देखना जरूरी है क्योंकि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को जानना है तो रामायण पढना जरूरी है ।



## शिक्षकों को मिला 5 दिनी शालेय स्वास्थ्य प्रशिक्षण



**कोण्डागांव।** शालेय हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित माध्यमिक और हायर सेकेंड्री स्कूल के एक एक महिला शिक्षिका एक एक पुरुष शिक्षकों का प्रशिक्षण द्वितीयचरण बडेराजपुर विकासखंड के बीआरसी भवन में 90 शिक्षकों को केसकाल में अंतिम तृतीयचरण का प्रशिक्षण बीआरसीसी भवन में 90 लोगों को माकडी में अंतिम तृतीय चरण का प्रशिक्षण बीआरसी भवन में 90 शिक्षकों को कोंडागांव का अंतिम चतुर्थ चरण जिसमे विकासखंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न हाई स्कूल माध्यमिक शाला के 1140 शिक्षकों को किशोर स्वास्थ्य से संबंधित 11 माड्यूल्स पर चर्चा की गई जिसे वे अपने स्कूल में सकारात्मक तरीके से प्रत्येक बच्चे तक ले जायेंगे कार्यक्रम में 11 माड्यूल्स पर चर्चा करने के लिए निरीक्षण एवं संरक्षक सह राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर शिवचरण साहू नीरज ठाकुर हरीश ठाकुर एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर जोनाथन विनय डॉक्टर चंद्रकिरण ठाकुर विकास खंड मास्टर ट्रेनर के रूप में बडेराजपुर से दिनेश गर्ग गजेंद्र गंगबेर जिन्देश नाग पुणेश्वर सिन्हा केसकाल मास्टर ट्रेनर कोंडागांव मास्टर ट्रेनर मन्नाराम नेताम ईश्वर दयाल साहू यागवेंद्र यादव मोहन बोगा हेमंत मरकाम उपस्थित रहे । हेल्थ और वेलनेस एंबेसडर प्रशिक्षण जिला में संपन्न हुआ इस दौरान जिलाशिक्षाधिकारी मधुलिका तिवारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सिंग डॉक्टर भावना मेहलावार प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण देखा गया विकासखंड शिक्षा अधिकारी कंवल सिंह पोया मनोज दुबे बीआरसी ताहिर खान प्रकाश साहू रामलाल नेताम सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ठाकुर के द्वारा प्रशिक्षण की देखरेख और मार्गदर्शन दिया गया

**लोग हैरतभरी नजरों से निहार रहे लाल पीली गोभी को**

## भुवन की रंग बिरंगी फूलगोभी की खेती बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिला के ग्राम सोनाबाल के किसान ने कोण्डागांव के रविवार साप्ताहिक बाजार में रंगीन गोभी की दुकान लगायी, जो लोगों के लिये आकर्षण कारण बनी रही। हालांकि आम गोभी के तुलना में पीली लाल और हरी गोभी थोडी मंहगी है। पर इस गोभी का स्वाद व गुण साधारण सफेद गोभी के तुलना में बहुत अधिक है। इस तरह जन स्वास्थ्य में हितकारी होने के साथ साथ ही इस तरह की उन्नत खेती से किसानों को भी बडे पैमाने पर आर्थिक लाभ संभव है। हालांकि स्थानीय स्तर पर इस तरह की सब्जी की डिमांड बहुत अधिक नहीं होती पर अगर महानगरों तक इसे पहुचाने की व्यवस्था की जाये तो इस ओर अन्य किसान भी कदम उठाने के लिये आ सकते है। प्राथमिक तौर पर सोनाबाल के किसान कार्तिक बैध व भुंवन वैध इस तरह की नयी खेती के लिये सराहना के पात्र तो है ही।

■ उत्सुकतावश खरीदने के लिये भी आगे आ रहे आम जन





### केशकाल भी पहुंची रंगीन गोभी

सोना वाल का किसान केशकाल लेकर भी पहुचा अपनी रंग–बिरंगे गोभी। पुलिस थाना के सामने बेचने के लिये रखा तो देखने और खरीदने वालों की भीड लग गयी । हर्ष का विषय है कि कोंडागांव जिले का किसान अत्याधुनिक खेती करते रंग बिरंगे गोभी का खेती कर रहा है। जो अपना उत्पाद खुले मार्केट में 100 से लेकर 200 किलो में बेच रहा है । अन्य किसान भी प्रेरणा लेकर सोनाबाल के इस किसान की तरह उन्नत खेती करके अपनी आय में बढोतरी कर सकें।

## क्षेत्र की खुशहाली के लिए श्रीराम से की प्रार्थना

**दुर्गुकोंदल।** श्री राम की जयजयकार के उद्घोष के साथ जहा सम्पूर्ण भारतवर्ष प्रभु श्रीराम की भक्ति के रसपान में डूबा हुआ है। प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में देश भर में तरह तरह के आयोजन किए गए। भारतवर्ष का आम जनमानस श्री राम की भक्ति में सराबोर है। गोयल ग्रुप द्वारा जहा एक ओर रायपुर में एक दिया राम के नाम कार्यक्रम का बड़े पैमाने पर आयोजन किया गया, तो वहीं दूसरी ओर कांकेर जिले के दुर्गुकोंदल तहसील में संचालित गोयल ग्रुप की आयरन ओर माइंस भी इस भक्तिमय माहौल में राम भक्ति से अछूती नहीं रही। माइंस प्रबंधन द्वारा माइंस के गेस्ट हाउस में दोपहर 1 बजे प्रभु श्रीराम की प्रतिमा रखकर सुंदरकांड का पाठ कर हवन किया गया। उसके बाद खीर पूड़ी का प्रसाद वितरित कर परिवार, संस्थान व क्षेत्र के रहवासियों की खुशहाली के लिए प्रभु श्रीराम से प्रार्थना किया। साथ ही पटाखे फोड़ कर श्री राम के गृहप्रवेश का उत्सव मनाया। इस अवसर पर खान प्रबंधक डीएन मोहन्ता, भोजराम बंजारे, रवि तिवारी, अतुल जैन, बसन्त बिंधानी, अंकुर गोयल, नितेश मोहन्ता और शशिकांत द्विवेदी समेत खदान के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस लोस उम्मीदवारी की मातलाम ने पेश की दावेदारी



**कोण्डागांव।** कोंडागांव लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस चुनावी मोड मे आ चुकी है । दावेदार अपनी अपनी दावेदारी संगठन प्रमुख के समक्ष पेश कर रहे हैं। पार्टी की प्रक्रिया है किसी भी दावेदार को अपनी अपनी दावेदारी पेश करने का अधिकार है। टिकट का फैसला पार्टी हाईकमान के हांथों होता है। इसी प्रक्रिया का पालन करते कोंडागांव जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम ने संसदीय क्षेत्र कांकेर लोकसभा से टिकट के लिए अपनी दावेदारी करते पेश हुए कोंडागांव जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान के समक्ष आवेदन किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान ने कहा कांग्रेस पार्टी सभी दावेदारों को अपना पक्ष रखने की खुली छूट देती है । चाहे विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव सभी चुनावों मे इसी प्रक्रिया से दावेदारों को गुजरना होता है । टिकट पर अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान तय करती है।

### बाइक पेड़ से टकराई, दो गंभीर अस्पताल में भर्ती



**कोण्डागांव।** कोणडागांव के गाडी से दुर्घटना मे घायल लोगो को पहुचाया गया जिला अस्पताल मुनगा पदर प्लाट पारा के पास कनेरा के उमेश कश्यप अपने साथी के साथ दियारी मनाने पुंगारपाल गया था। वापस होते समय अत्यधिक नशे मे होने के कारण मोटर सायकल पेड से जा टकराई । टक्कर इतना ज्यादा था की दोनो की हालत बहुत ज्यादा गंभीर है । समय रहते साधना प्लस के ब्यूरो चीफ विजय साहू दोनो को अपनी गाडी से जिला अस्पताल कोण्डागाव गांव मे लाकर उपचार के लिए भर्ती करवाया । दोनो की हालत बहुत ज्यादा खराब होने के कारण रायपुर रीफर करने की बात डाक्टरों द्वारा की जा रही है ।

### डॉ त्रिपाठी को काका कालेलकर अवार्ड मिला

**कोण्डागांव।** डॉ राजाराम त्रिपाठी को दिल्ली में गांधी हिंदुस्तानी साहित्य सभा तथा विष्णु प्रभाकर प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित सन्निधि संगति के सौवें कार्यक्रम में हिंदी साहित्य के क्षेत्र में दिया जाने वाले देश के प्रतिष्ठित काका कालेलकर अवार्ड प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अवार्ड उन्हें दिल्ली के गांधी हिंदुस्तानी साहित्य सभा भवन के सन्निधि सभागार में 20 जनवरी को विष्णु प्रभाकर ट्रस्ट तथा गांधी हिंदुस्तानी साहित्य सभा की संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अपने शतकीय आयोजन में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसत्ता के संपादक मुकेश भारद्वाज ने की । एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में देश के प्रसिद्ध आलोचक रचनाकार प्रोफेसर गोपेश्वर सिंह सामिल हुये।

## पेज 11 के शेष

### लेंडारा में विकसित...

अपने खेतों में जैविक खाद का अधिक से अधिक उपयोग करने का आव्हान किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों ने उपस्थित लोगों को योजनाओं से हुए लाभ के बारे में बताया, साथ ही उपस्थित लोगों को भी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में जनपद सदस्य सुकचंद नेताम, भाजपा कार्यकर्ता रूकदेव यादव, दुर्गेश सिन्हा, सरपंच शिलोबाई शोरी, पूर्व सरपंच राम नेताम, उपसरपंच गोविन्द राम वटी, गोपल शोरी, महदेव वटी, रामेशवर यादव, शकुन शोरी, बिनु शोरी, सचिव कपिल यादव, प्रहलाद यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस में शामिल होंगे पोटाकेबिन के छात्र



**कोंटा।** भारत सरकार ने 26 जनवरी 2024 को कर्तव्य पथ नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस देखने के लिए मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति का लाभ उठाने वाले 600 जनजातीय छात्रों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। जिसमे छत्तीसगढ़ से 30 छात्र कर्तव्य पथ नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस में शामिल होने जा रहे हैं। संस्था के प्राचार्य भारत प्रसाद साहू के द्वारा जानकारी दी गई कि इसी तारतम्य जिला सुकमा से शासकीय हाईस्कूल पोटाकेबिन केरलापाल के छात्र जम्पू कुमार पिता सेन्सा ग्राम एल्मागुण्डा,पोस्ट चिंतागुफा, विकास खण्ड कोंटा जिला सुकमा , को भी विशेष अतिथि के रूप में सम्मलित हो रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी नितिन डडसेना, छात्रवृत्ति जिला नोडल सुशील कुमार श्रीवास, शाला परिवार के सभी शिक्षक, सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र को बधाई दी है।

### अनिमेष बने सलाहकार



जगदलपुर। केंद्रीय युवा और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के द्वारा सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अन्तर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला सलाहकार समिति के सदस्य की जिम्मेदारी अनिमेष सिंह चौहान को मिली है।

### पेंशनर्स संघ के प्रयास से मिलेगा अरुणा को नियमित पेंशन

**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स संघ के प्रयास से अरुणा ठाकुर को अब प्रत्येक माह नियमित रूप से पेंशन मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। संघ द्वारा सेंट्रल प्रोसेसिंग सेल रायपुर से संपर्क कर लंबित पेंशन प्रकरण की कमियों को दुरुस्त किया गया। अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने जारी बयान में कहा कि अरुणा ठाकुर माध्यमिक शाला आमागुड़ा करपावंड में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्य करते हुए फरवरी 2023 को सेवा निवृत हुई। अगस्त 2023 तक का पेंशन जिला कोषालय के द्वारा एसबीआई शाखा बकावंड को भुगतान हेतु प्रेषित कर दिया गया। एसबीआई शाखा बकावंड के द्वारा अगस्त माह तक भुगतान के बाद प्रकरण सेंट्रल प्रोसेसिंग सेल रायपुर प्रेषित किया गया। प्रकरण में जो कमियां है उसे गौर से देखा नहीं गया। जिसके कारण प्रकरण प्रोसेसिंग सेल में महीनों लंबित पड़ा रहा। संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के ध्यान में जब यह बात लाई गई तब उनके प्रयास से प्रकरण निराकृत हुआ । इस पहल में पेंशनर संघ के डी रामन्ना राव, अब्दुल सत्तार खान, रमापति दुबे, किशोर जाधव, नागेश कापेवार, एलएस नाग, दिनेश सिंघल, राजेंद्र पाण्डे, विनय भूषण पांडे, हेमंत ठाकुर, मीता मुखर्जी, सरोज साहू, जयमनी ठाकुर एवं राधा पामभोई की भूमिका रही।

### दंतेवाड़ा को मिलेगा 400 बिस्तरीय सर्व सुविधा युक्त अस्पताल



**दंतेवाड़ा/गीदम।** छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से राजधानी रायपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी, महामंत्री संतोष गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गीदम अभिलाष तिवारी एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना ने मुलाकात किया। इस दौरान दंतेवाड़ा जिले के लिए सर्व सुविधा एवं तकनिकी युक्त 400 बिस्तरीय अस्पताल की मांग हेतु पत्र नेताओ के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी कहा की जल्द ही आदिवासी अंचल दंतेवाड़ा में यह व्यवस्था की जायेगी और विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश देते हुए दंतेवाड़ा के लिए प्रारूप तैयार करने हेतु कहा। उपरोक्त जानकारी जिला महामंत्री संतोष गुप्ता ने मीडिया को दी।

# जय श्री राम के जयकारे से गूंजा जिला मुख्यालय

## प्रभुराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह

गायत्री परिवार एवं आम जन मानस ने निकाली कलश एवं शोभा यात्रा



आस्था और उल्लास के बीच स्कूली बच्चे









हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

प्रभु राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर आज पूरा जिला मुख्यालय राम मय हो गया। इस पावन दिवस पर नगर के सभी चौक-चौराहों को भगवा ध्वज एवं तोरण से सुसज्जित किया गया था। वहीं विगत रात्रि से ही मुख्यालय के सभी मुख्य मंदिर भजन कीर्तन से गुंज रहे थे। इसके अलावा आज जगह-जगह मानस मंडलियों द्वारा राम चरित मानस का पाठ किया जा रहा था।

सोमवार प्रातः 11 बजे आराध्या मां दन्तेश्वरी मंदिर के प्रांगण से अथाह आस्था और उल्लास के साथ स्कूली बच्चें, गायत्री परिवार एवं आम जन मानसों के द्वारा मां दंतेश्वरी प्रागंण से लेकर बस स्टैण्ड चौक तक कलश एवं शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम के जय कारे के बीच प्रभु राम, मां सीता, अनुज लक्ष्मण एवं महाबली हनुमान की वेशभूषा धारण किये हुए छात्र-छात्राएं विशेष आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे। साथ ही अन्य छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं ने भी परंपरागत पीले वस्त्र धारण करके कलश यात्रा की शोभा बढ़ा दी। ज्ञात हो कि शहर में जगह-जगह प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अयोध्या से सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गयी थी, जहां इस धार्मिक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए राम भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही।

मां दंतेश्वरी प्रांगण को भी रंगोली से सजाया गया था। साथ ही परिसर स्थल में सुरसंगम मानस मंडली चितालंका, ज्ञान गंगा मानस मंडली बचेली, माड़िया मानस मंडली गुमड़ा, श्रद्धा मानस मंडली धरमपुरा कैम्प किरंदुल तथा सत्संग रामायण मंडली बालपेट के द्वारा क्रम से रामचरित मानस का पाठ किया गया। कल रात्रि से ही मुख्यालय के नागरिकों ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में घर-घर दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया। इसके अलावा जिले के अन्य स्थानों से भी भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर मां दन्तेश्वरी प्रांगण में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण सहित आम जन मानस उपस्थित थे।

### भंडारे में भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण



लोहंडीगुड़ा। प्रभु श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत उसरी बेड़ा में सोमवार को भंडारा एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बढ़-चढ़कर श्रद्धालु एवं भक्तगणों समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर भंडारा का प्रसाद ग्रहण किए।

## भागवत कथा व प्राण प्रतिष्ठा से भगवामय रहा करंदोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानपुरी





श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन से भानपुरी सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में धर्म और आस्था का माहौल देखने को मिला। वहीं भागवत कथा और कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। ग्राम करंदोला में भागवत कथा का आयोजन पिछले दिनों बड़े ही हर्षोल्लास के वातावरण में प्रवचनकर्ता पंडित तोरण शर्मा कुरना कांकेर के द्वारा विधिवत प्रारंभ किया गया। जहां ग्रामवासियों के सहयोग के साथ कलश यात्रा पश्चात महा भंडारे का आयोजन किया गया। जहां हजारों के तादाद में श्रद्धालु पहुंच प्रसाद ग्रहण किये। भागवत कथा स्थल पर ही बड़ी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसार भी किया गया। जहां पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, वनमंत्री केदार कश्यप, रूपसिंह मंडावी, संतोष बघेल, निर्देश दिवान, भूषण गुप्ता, दीप्ति पांडे, भारती पांडे सहित सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

पांच सौ साल के लंबे इंतजार के बाद भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भानपुरी करंदोला चौक में भक्तगणों के प्रयास से महाभंडारा का आयोजन सोमवार शाम को किया गया। मंगल भवन अ मंगल हारी के ध्वनि से पूजा क्षेत्र राममय हो गया। जगह-जगह भगवा ध्वज लगाकर श्रद्धालुओं ने खुशी मनाई, वहीं शाम को घरों में दीया जलाया गया।

### प्रसाद वितरण...



**जगदलपुर।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर समस्त समाचार पत्र वितरक एवं साहू चाय के द्वारा हलवा प्रसाद का वितरण पुराना बस स्टैंड कोतवाली चौक में किया गया।

## अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर नगर में निकाली गई बाइक व स्कूटी रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर नगर में दिन भर भक्तिमय वातावरण रहा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं बाबा रामदेव मंदिर समिति द्वारा दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रातः 10:30 बजे से स्कूटी एवं बाइक रैली, दोपहर के समय पूजा पाठ एवं भजन कीर्तन, 4 बजे से शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा आकर्षक रंगारंग कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई। उसके पश्चात शाम के समय आतिशबाजी के साथ अश्वरथ में श्रीराम, माता सीता, हनुमान जी व राम दरबार की गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

यह शोभायात्रा रामदेव मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते हुए हारम चौक से वापस लौटी। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। इन सभी कार्यक्रमों में सनातन महिला मंडल गीदम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा। सुबह के समय रामभक्तों द्वारा बाइक व स्कूटी रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नगर के भक्तजन शामिल हुए। बाइक रैली में सैकड़ों रामभक्तो के जय श्रीराम के नारों से नगर गूंज उठा। नगर के मुख्य बाजार स्थल से लेकर हारम चौक तक मुख्य मार्ग को भगवा रंग के बैनर, पोस्टर एवं तोरण से सजाया गया। नगर वासियों से अपने घरों में दीप प्रज्वलन किया व रंगोली व झालरो से घरों को सजाया। पूरा नगर श्रीराम के स्वागत में उमड़ पड़ा।





इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम के बच्चों ने विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। व श्रीराम दरबार का रूप धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुए।

## पूरा नगर हुआ भगवामय

### श्रीराम के जयकारों से क्षेत्र हुआ गुंजायमान

**गीदम।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन सोमवार को किया गया, जिससे पूरा नगर भगवामय हो गया। लोगों ने घरों में विशेष पूजा-अर्चना की। श्रीराम के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो गया। जिसमें नगर के आशुतोष शिव मंदिर में सुंदरकांड का पाठ, बाबा रामदेव मंदिर व मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया। जिसमें मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के नव युवकों द्वारा बस स्टैंड में भंडारा प्रसाद वितरण, शिरडी साईं समिति द्वारा नए बस स्टैंड में भंडारा प्रसाद का वितरण, मां काली मंदिर समिति द्वारा साप्ताहिक बाजार स्थल के पास भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं शाम के समय नगर के प्रतिक्षा बस स्टैंड व आशुतोष शिव मंदिर में राम भक्तों द्वारा 1100 दीप का प्रज्वलन किया गया।

### भंडारा...



**भानपुरी।** श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त पर भंडारे का आयोजन किया गया।

## बस्तर के विभिन्न वार्डों में निकली भव्य कलशयात्रा

नगरवासियों ने जगह-जगह फूलों से किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बस्तर के विभिन्न वार्डों में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में उत्साह के साथ महिलाएं व युवा शामिल हुए। भव्य शोभा यात्रा में सरस्वती शिशु मंदिर बस्तर के नन्हें छात्रों को प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी बनाकर प्रस्तुत किया गया और पूरे नगर में आकर्षक झांकी निकाली गई। नगर पंचायत बस्तर में रविवार को डीजे की धुन में भक्तिमय माहौल में आतिशबाजी करते हुए हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर विभिन्न वार्डों में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गायत्री मंदिर, शिव मंदिर, बजरंगबली मंदिर से एनएच 30 से होते हुए बीटीआई कालोनी हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण कर पहुंचने पर समापन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी कर्मचारी, विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल, श्री राम भक्त, भाजपाई सहित नगर वासी बड़ी संख्या में उत्साह के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए।

### भक्ति गीतों पर नृत्य



कलश यात्रा के दौरान नगर वासियों ने जगह-जगह जमकर फूल बरसाए व स्वागत किया। हनुमान मंदिर से लगभग 5 किलोमीटर पैदल चलकर श्री राम के जयकारों के साथ महिलाओं व युवाओं ने भक्तिमय गानों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में एसडीएम, सीएमओ, एबीईओ, महिला बाल विकास अधिकारी, सहित बजरंग दल, श्री राम भक्त, भाजपा कार्यकर्ता और नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### शराबी बेटे के खिलाफ पिता ने थाने में मारपीट की शिकायत की



**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम मुड़खुसरा में शराबी बेटे ने नशे में घरवालों के साथ मारपीट की। मारपीट से घर के सदस्यों को चोटें आईं हैं। आरोपी के पिता ने थाना में बेटे के खिलाफ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। चारामा थानांतर्गत ग्राम मुड़खुसरा निवासी भरत शर्मा पिता स्व. हनुमान प्रसाद शर्मा ने पुलिस को बताया कि 21 जनवरी की सुबह लगभग साढ़े 8 बजे मेरा बड़ा लड़का 27 वर्षीय मनीष शर्मा शराब पीकर आया। उसके बाद मनीष उनके, उनकी पत्नी नीलू शर्मा और छोटा लड़का साकेत शर्मा के साथ गाली-गलौज, मारपीट करते हुए जाने से मारने की धमकी दी। शाम को लगभग साढ़े 7 बजे फिर शराब के नशे में आकर खूब गाली गलौज, मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट करने से मेरे दाहिना कंधा में चोट लगी है। पत्नी नीलू शर्मा को बांए पैर में और साकेत शर्मा को दाहिने हाथ में चोट लगा है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अवैध शराब बरामद, एक ग्रामीण गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 20 जनवरी को ग्राम ऊपरपारा घोठा में एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा। पुलिस ने रेड कार्रवाई कर ग्राम ऊपरपारा घोठा में लखन लाल दर्रो पिता स्व. बिसाहू राम दर्रो उम्र 46 वर्ष ऊपर घोठा को एक प्लास्टिक थैला के अंदर रखे 3 नग 2 लीटर क्षमता वाली एक हरा कलर की प्लास्टिक बटल में 2 लीटर व 2 सफेद कलर की प्लास्टिक बटल में 2-2 लीटर भरी हुई हाथ भट्ठी की बनी हुई कच्ची महुआ शराब कुल 6 लीटर कीमती 840 रुपए के साथ पकड़ा है। ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### घायल बच्चे की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम मुरावण्डी निवासी 7 वर्षीय अरमान मंडावी पिता दिलीप का सायकल से गिरने के कारण 22 जनवरी को सुबह साढ़े 8 बजे मौत हो कई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सायकल से गिरकर घायल हो गया था। इलाज के लिए पखांजुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान बच्चे का मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बस्तर बंद को मिला चेम्बर का समर्थन

**जगदलपुर।** बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के महामंत्री विमल बोथरा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यकारिणी समिति की आपात बैठक आयोजित कर सर्व आदिवासी समाज से प्राप्त पत्र पर चर्चा की गई। जिसमें 23 जनवरी को बस्तर बंद में चेम्बर से समर्थन मांगा गया है।

धर्म- कर्म : लोगों ने मंदिरों के साथ घरों में भी साज-सजावट की

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा में भानुप्रतापपुर नगर हुआ राममय, घर घर भगवा ध्वज लहराए, पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

करीब 500 सालों का लंबा इंतजार खत्म हो गया भगवान रामलला अपने भव्य मंदिर में विराज चुके हैं। शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच रामलला अपने भव्य गर्भगृह में विराजमान हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभ मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की। इसके बाद अयोध्या के साथ ही देश जय श्रीराम के नारों से गूंज उठ रही है। रामनगरी अयोध्या के साथ ही भानुप्रतापपुर नगर भी राममय हो गया। लोग मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की भक्ति में डूबे नजर आए घर-घर भगवा ध्वज लगाए गए हैं। पूजा-पाठ और कीर्तन कर प्रसाद वितरण किया श्रद्धालुओं ने मंदिरों के साथ घरों में भी दिवाली जैसी साज सजावट की देर रात तक तमाम धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए। नगर में तरह-तरह के आयोजन किए गए थे कहीं आतिशबाजी की गई, तो कहीं दीपोत्सव मनाया गया। सुंदरकांड का पाठ और रामधुन के साथ शोभायात्राएं निकाली गई। नगर की गलियां भगवा रंग में रंगी नजर आईं। बच्चे, बुजुर्ग, युवा और महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। अयोध्या में रामलला के आगमन की खुशी में हर तरफ खुशनुमा माहौल रहा।

■ सुंदरकांड का पाठ और रामधुन के साथ निकाली गई शोभायात्रा



### भानुप्रतापपुर में निकली भव्य शोभायात्रा

भानुप्रतापपुर में भी विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राम जानकी हनुमान मंदिर से भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, जावमंत की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु राम भक्त शामिल हुए। यात्रा नगर के मुख्य चौक में पहुँची तो यहां का नजारा ही देखते बन रहा था। राम भक्तों ने यात्रा का स्वागत किया आगे डीजे की धुन पर राम भक्त खुशियां मना रहे थे। यात्रा चौक के बाद अन्तागढ़ रोड, इसके बाद बस स्टैंड, साप्ताहिक बाजार, दल्ली रोड परशुराम चौक होते हुए वापस राम जानकी मंदिर में पहुँची। इस दौरान जगह-जगह पर प्रसाद के स्टाल लगाए गए थे। वही धार्मिक नगरी संबलपुर में विशेष पूजा अर्चना स्वामी गणेश मंदिर में लोगों के द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली संबलपुर के प्रमुख गलियों के साथ-साथ भानुप्रतापपुर नगर में भी भ्रमण किया और श्री राम के जयकारे लगातार लगते रहे।



### रामभक्तों ने बाइक रैली निकाली

राम जानकी मंदिर से सायं में बड़ी संख्या में महिला युवक-युवतियों द्वारा बाइक रैली भगवा झंडे के साथ निकाली गई। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। भगवान श्रीराम के नारे लगते रहे। दीवाली की तरह हाई स्कूल ग्राउंड में लगे फटाखे की दुकानराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दूसरी दीवाली मनाई गई। इसके लिए बकायदा नगर में फटाखे की दुकानें भी सज गई। घरों दुकानों में लाइटिंग किया गया। दीये जलाए गए।



### राम मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए परिवहन संघ ने दिए 5 लाख

भानुप्रतापपुर स्थित श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर को जीर्णोद्धार कर नया नया स्वरूप दिया जा रहा है। निर्माण के लिए भानुप्रतापपुर के दानदाता दिल खोलकर सहयोग देने को आगे आ रहे है। नगर के लोग अपनी अपनी तरफ से सहयोग राशि दे रहे हैं।आज भानुप्रतापपुर के परिवहन संघ ने 5 लाख रुपये का सहयोग राशि दिया है। परिवहन संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढींडसा,नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी,संतोष पारख समेत नगर के राम भक्तों ने निर्माण समिति

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव में एक दिवसीय मानसगान



**दुर्गुकोंदल।** अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के अवसर पर विकासखंड मुख्यालय दुर्गुकोंदल के दुर्गा मंच में एक दिवस मानस गान महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संतो दुगा के उपस्थिति में रामचरित्र मानस का शुभारंभ किया गया। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मानस गान महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें पांच मानस मंडलियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासन की ओर से तैयारी की गई थी, जिसमें विकासखंड दुर्गुकोंडल के पांच मानस मंडली रही। जय मां सोनादही मानस मंडली लोहत्तर, बस्तर के श्रृंगार मानस परिवार बांगाचार, जतर खतर मानस मंडी भेलवापानी, धर्म जागृति मानस मंडली गोडपाल, वाल्मीकि मानस परिवार कोडेकुसे की मानस मंडली टीमों ने भाग लिया, जिसे प्रत्येक टीम को पुरस्कार स्वरूप 5000 रुपए प्रदान किया गया। मानसगान सम्मेलन में सरपंच पार्वती शोरी, भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शकुंतला नरेटी, भूतपूर्व सरपंच श्रीराम बघेल, जनपद सदस्य एवं सभापति राधा अशोक जैन, जनपद सदस्य एवं सभापति जोहन गावडे, सांसद प्रतिनिधि विजय पटेल, भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष सविता उईके, ग्राम गायता लालजी दुग्गा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलम उइके, बिदे सिंह कल्लो, फूलसिंह मंडावी, मनीष नेताम, मनोज कुमार दुग्गा, पुनारथ दास, कृष्णा जैन, मेहतरू यादव, सहायक विकास विस्तार अधिकारी आरडी ठाकुर, पंचायत इंस्पेक्टर आरके किशोरे, बीपीएम नंदनी दीवान, लेखपाल कांता ठाकुर, भारती साहू, हिरेशवरी कोराम, परमानंद नेताम, माहरू राम जैन, शंकर नागवंशी उपस्थित रहे।

■ पांच मानस मंडलियों ने लिया हिस्सा

## रामलला के स्वागत में पूजा-पाठ हवनकर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी की अयोध्या धाम राम जन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को सेलेगोंदी कोरर में ऐतिहासिक व यादगार बनाने के लिए भव्य शोभा यात्रा एवं भगवान श्री रामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा पंडित जी के माध्यम से मंत्रोउच्चारण के साथ भव्य आयोजन हुआ। पूरे गांव में भंडारा रखा गया।

इसमें समस्त ग्रामवासी अपनी श्रद्धा पूर्वक शामिल हुए। इस भव्य शोभा यात्रा मां शीतला के मंदिर से होकर पूरे गांव गली मोहल्लों में घुमाया गया। गांव के रामायण समिति के द्वारा सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर हरवंश शिवना ग्राम पटेल, गुहाराम कोरेटी,साबीत खवास ग्राम पुजारी, मायाराम जैन उप सरपंच, जय शिवना, जयना तारम, राकेश भुआर्य,दसरू नरेटी, भुवनेश्वर जैन,लच्छु नाग, बुधराम नाग,डोमेंद्र राना पंचूराम मासिया, शिवनारायण घासी कोमरा,बालसिंह राना,हिरउ राम टेमरिया,सकिल,असरफ अली,खम्मन जैन, चैतराम नरेटी सहित समस्त ग्रामवासीयों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



### जहर खाने वाले युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल में 21 जनवरी को सुबह साढ़े 4 बजे गोण्डाहूर थानांतर्गत ग्राम मुरझर निवासी 36 वर्षीय चमरा उसेंडी पिता स्व. चोहर उसेंडी की इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड ब्वाय ने मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर का सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## असीम हत्याकांड : हत्यारे के अवैध होटल पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/पखांजुर

असीम हत्याकांड में शामिल पार्षद विकास पाल थाना के पास अपने राजनैतिक प्रभाव को दिखाते हुए दो मंजिला होटल बनाकर व्यापार चला रहा था। पखांजुर में मृतक परिवार को जब सांत्वना देने गृह मंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप और विधायक विक्रम उसेंडी पहुँचे थे, तभी हेलीपेड में नगर की रोती हुई जनता ने कहा था कि हत्यारों ने अवैध ढंग से निर्माण किया है, यूपी के तरह बुलडोजर चलना चाहिए। अंततः प्रशासन ने पूरे मामले की जांच की। अवैध ढंग से बनाए गए भवन पर 22 जनवरी को एक नहीं तीन- तीन बुलडोजर से हत्यारे के अवैध होटल को ढहा दिया गया।

■ पखांजुर में गृहमंत्री, वनमंत्री से नगरवासियों ने की थी मांग

जानकारी के अनुसार पार्षद विकासपाल भाजपा से टिकट लेकर जीतकर आया और पार्षद बना था। भाजपा के कई कार्यकर्ता जो टिकट की लाइन में थे, उन्होंने टिकट नहीं मिलने पर भी पार्टी ने जिसे टिकट दिया, उसे जिताने का काम किया। भाजपा से पार्षद बनने के उपरांत लालच में आकर भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस की गोद में बैठ गया। उसे विश्वास था कि कांग्रेस की सरकार अब कई सालों तक रहेगी। कांग्रेस सरकार के सीएम व मंत्री के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के चलते जनता ने पाँच साल बाद ही सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। नगर पंचायत के भाजपा पार्षद विकासपाल कांग्रेस में जाने के बाद चार साल तक जमकर उत्पात मचाया। यहाँ तक अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर पार्षद व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष असीम राय की हत्या करवा दिया। असीम राय की हत्या हो जाने के बाद पखांजुर नगर की जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर चला गया। उसी दिन, रात को उनके होटल पर तोड़फोड़ कर दिया। भाजपा के जिलाअध्यक्ष असीम राय की हत्या हो जाने के बाद उनके परिवार को ढाढस बंधाने के लिए पखांजुर पहुँचे गृहमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप और विधायक विक्रम उसेंडी ने पखांजुर नगर की जनता ने रोते हुए माँग किया था कि हत्यारे विकासपाल ने अवैध ढंग से होटल बनाकर रखा है, ऐसे लोगों पर यूपी के योगी की तरह बुलडोजर चलना चाहिए। पखांजुर पहुँचे मंत्री ने प्रशासन को सख्त हिदायत दिया कि पखांजुर नगरवासियों की माँग को ध्यान में रखते हुए प्रकरण की जाँच किया जाएं। भवन अवैध हो तो उस पर कार्रवाई किया जाना चाहिए। उसी के तहत नगर पालिक प्रशासन ने नोटिस जारी किया और 22 जनवरी को अवैध होटल को तोड़ने के लिए तीन बुलडोजर लगाकर ध्वस्त किया गया।



## घर में रखी महुआ शराब के साथ पकड़ाया कोचिया

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीवी 22 लखनपुर निवासी रमेश विश्वास पिता खरौद के कब्जे से पुलिस ने साढ़े 6 लीटर महुआ शराब को 22 जनवरी कि शाम 6 बजे बरामद किया है। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली था कि आरोपी अपने घर में अवैध रूप से हाथ भट्ठी से बना हुआ महुआ शराब को रखा हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक की तालाश कर रहा है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने आरोपी के घर दबिस देते हुए अवैध शराब के साथ पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## अवैध शराब बेचने वाले 6 कोचियों को पुलिस ने पकड़ा

**कांकेर।** जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस ने 21 जनवरी को कई जगहों पर रेड कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब बनाने व बेचने वालो को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार दुर्गुकोंदल पुलिस ने कोण्डे निवासी 38 वर्षीय शनिराम मरकाम पिता बुधराम के कब्जे से 21 जनवरी को सुबह सवा 11 बजे घर के सामने आम पेड़ के पास से साढ़े 7 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा। पुलिस को मुखबिर



से जानकारी मिली थी कि आरोपी घर के सामने आम पेड़ के नीचे शराब बेचने के लिए खड़ा हुआ है और ग्राहक का इंतजार कर रहा था। वही दूसरी कार्रवाई में कोण्डे निवासी 40 वर्षीय मंगउराम पिता सुक्कुराम के कब्जे से 21 जनवरी को सुबह साढ़े 11 बजे 7 लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया। कोड़ेकुर्सी थानांतर्गत नेलचांग निवासी 34 वर्षीय विजय कुमार पिता बृजलाल के कब्जे से 21 जनवरी को शाम 5 बजें आरोपी के घर दबिश देते हुए 10 लीटर महुआ शराब की कीमती 1 हजार 500रुपए को जब्त किया गया। बांदे थानांतर्गत इरपानार निवासी 50 वर्षीय संध्याकर ठाकुर पिता विहोबा ठाकुर के कब्जे से 21 जनवरी को दोपहर साढ़े 3 बजें रेड कार्यवाही करते हुए उसके घर से हाथ भट्टी से बना हुआ 8 लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। चारामा थानांतर्गत स्कूलपारा चारभाठा निवासी 29 वर्षीय हेमलता देवांगन पति प्रहलाद देवांगन के कब्जे से 21 जनवरी को शाम 4 बजे 6 लीटर महुआ शराब व नकद 100 रुपए को जब्त किया गया। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कन्हारगांव निवासी संतराम निषाद पिता चमरूराम के कब्जे से 21 जनवरी को 10 लीटर महुआ शराब जिसकी कीमत 1 हजार 400 रुपए को जप्त किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## गौमाता में सभी देवताओं का वास, कामधेनु मानकर रोज करें पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

राष्ट्रीय संत गौऋषि गोपालमणि महराज ने कहा कि जिस प्रकार चारों पीठों के शंकराचार्य महाभाग में गौमाता राष्ट्र माता प्रतिष्ठा के लिए आगे आए हैं। उसी प्रकार अगर सभी सनातनी एक साथ पूरा देश गौमाता को सम्मान देने खड़ा उठ जाता है तो पूरा विश्व सनातन धर्म का पीछा करेगा। हम पूरे विश्व को मार्गदर्शन देंगे, क्योंकि सनातन धर्म की मूल गौमाता ही है। हिंदू राष्ट्र की बात हो रही है जो गाय को माता माने वही हिंदू है।

■ हाईस्कूल मैदान में आयोजित संगीतमय गौकथा महायज्ञ का दूसरा दिन

■ गौमाता को सम्मान देने सभी आगे आएं : गौऋषि गोपालमणि

नगर के हाईस्कूल मैदान में आयोजित संगीतमय गौकथा महायज्ञ के दूसरे दिन गौऋषि गोपालमणि महराज ने गाय की महिमा को अति पवित्र बताया। उन्होंने कहा कि जिस गौमाता के मल से गणेश एवं दूध से शिव प्रकट होते हैं। खर से तीर्थ व गौमूत्र से गंगा निकलती है सभी देवताओं का वास होता है। जिस घर में गौमाता बंधी है वहां आज भी सुख शांति व समृद्धि बनी हुई है। गाय का सम्बंध देश व धर्म से है। जब जब धरती पर भार पड़ता है, तब तब गौमाता ढाल बनकर सामने खड़ी हो जाती है इसलिए गौमाता को भारतमाता कहा जाता है। महराज जी ने कहा कि पृथ्वी के दो रूप है पहला जड़ याने मिट्टी कंकड़ पत्थर वही दूसरा चेतना गौमाता को कहा गया है। वही गाय व कामधेनु गाय के भी परिभाषा बताते हुए कहा कि जो गलियों में घूम रही है कूड़ा कचरा खा रही है वह गाय है, जिस घर में गाय बंधी हुई है प्रतिदिन उसकी पूजन किया जाता है वह कामधेनु है। चिंता व चिंतन का भी अर्थ बताते हुए कहा कि चिंता भगवान का काम है वही चिंतन मनुष्य का काम है। आप यदि भगवान के प्रति चिंतन करेंगे तो निश्चित ही भगवान आप के लिए चिंता करेगी। सरकार गाय को पशु का दर्जा दिया है इसलिए प्रतिदिन लाखों गाय काटी जा रही है। आप सभी संकल्प लें कि गाय पशु नहीं हमारी माता है इसकी रक्षा करेंगे। करोड़ों देवी- देवताओं के मंदिर है गाय इसलिए गौ माता को देवताओं की माता भी कहा जाता हैं। तुम्हारी हर प्रश्न, हर समस्या का निवारण,हर शंका का समाधान गौ कथा। कहते है जैसे अन्न वैसे ही मन होता है। अन्न से मन व दूध से बुद्धि बढ़ता है। आज कथा में नरेश जैन,परमिला सूरी,अभय पाण्डे,लक्ष्मी नारायण,ठाकुर राम साहू,ईश्वर साहू,सावित्री श्रीवास्तव,प्रभा ठाकुर,रुक्मणि ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



### गौ माता की सुरक्षा हम सबका दायित्व

गौऋषि गोपालमणि महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत में लिखा गया है। पूतना एवं कंस का वध करने वाले गोकुल में गायों के बीच में पल रहा है। गौ माता की प्रतिष्ठा कर दी जाए तो आप सभी की प्रतिष्ठा स्वयं हो जाएगी। जिस बेटे ने गौ माता की प्रतिष्ठा कर दी उसके माता पिता की प्रतिष्ठा हो गई। जिस शिष्य ने गौ माता की प्रतिष्ठा उसके गुरु की प्रतिष्ठा स्वयं हो गई। जिस भक्त ने गौ माता की प्रतिष्ठा कर दी तो स्वयं भगवान की प्रतिष्ठा हो गई। भारत एक आसन है जिसमे आप हम सभी बैठे है देश मे किसी भी छोर में यदि गौ माता की हत्या हो रही है उसमें हम सभी दोषी है,क्योंकि पाप करने वाले ही पापी नही होता देखने व सुनने वाले भी पाप के भागीदार होते है। धर्म की शिक्षा है ग्रंथ, धर्म की जड़ गौ माता है,हर धार्मिक कार्यो में गौ माता एवं दूध,दही,घी, गोबर, गौमूत्र का उपयोग किया जाता है। गौ माता की साक्षी होने से ही आपकी पूजा सफल व सार्थक होगी। गायत्री स्वयं गौ माता है दिन तीन बार गौमाता की दर्शन अवश्य करना चाहिए।

